संवाद पत्र

पूर्वोत्तर सीमा रेल
निर्माण संगठन

अंक : 47 वर्ष : द्वादश त्रैमासिक जुलाई, 2018

# राजभाषा कार्यालयीन संग्रह का विमोचन



श्री एन.के.प्रसाद,महाप्रबंधक/निर्माण ने दिनांक-04-05-18 को पू.सी.रेल/निर्माण के सभाकक्ष में आयोजित क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में राजभाषा विभाग/नि द्वारा प्रकाशित "राजभाषा कार्यालयीन संग्रह " नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक में राजभाषा से संबंधित समस्त संवैधानिक प्रावधानों, नियमों, अधिनियमों के साथ-साथ राजभाषा के रुप में हिंदी के विकास को भी क्रमानुसार समाहित किया गया है। राजभाषा से संबंधित सम्यक जानकारी दिए जाने से अधिकारियों और कर्मचारियों मे राजभाषा हिंदी के बारे में विस्तार से जानने का अवसर प्राप्त होगा, जो उनके दैनिक कार्य में भी उपयोगी सिद्ब होगा।

# रंगाली बिहु का आयोजन





गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्वोत्तर सीमा रेल ओपन लाइन तथा निर्माण संगठन द्वारा दिनांक 13 से 17 अप्रैल तक मालीगांव रेलवे स्टेडियम में रंगाली बिहु हर्षोल्लास से मनाया गया। श्री एन.के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर बिहु नृत्य के अलवा असम के विभिन्न समुदायों ने अपने-अपने लोक नृत्य भी प्रदर्शन किए । मालीगांव रेलवे स्टेडियम में रंगाली बिहु का वार्षिक समारोह जाति समुदाय औेर भाषा से परे सभी स्थानीय निवासियों के मन में खुशी भरते हुए समन्वय, सहयोग तथा सौहार्द स्थापित करते है। इस प्रकार लोग प्रकृति के क्रम में आते परिवर्तन का स्वागत परस्पर बिहु की शुभ कामनाओं का आदान प्रदान कर करते है। यह रेल कर्मियों औेर बिहु का आनन्द उठाने वाले लोंगो के लिए हर्ष का विषय है कि पू.सी.रेल के महाप्रंबधक तथा अन्य अधिकारी रंगाली बिहु के समारोह के आयोजन हेतु पूर्ण सहयोग दे रहे हैं।

*संरक्षक*
श्री एन. के. प्रसाद
महाप्रबंधक/निर्माण

*मुख्य संपादक*
श्री अजय कुमार
मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि.

*संपादक*
श्री रवि भूषण
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि.

*सहयोग*
श्रीमती मुन मुन शर्मा एवं श्रीमती ममतां तामुली
राजभाषा अधिकारी/नि. वरिष्ठ अनुवादक/नि.

# रेल सप्ताह समारोह 2018








पूर्वोत्तर सीमा रेल तथा पूर्वोत्तर सीमा रेल निर्माण संगठन द्वारा का 63 वें क्षेत्रीय रेल सप्ताह समारोह दिनांक 12-04-2018 को रंग भवन मालीगांव में श्री एन.के.प्रसाद, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल निर्माण ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया । इस समारोह में सराहनीय सेवा के लिए निर्माण संगठन के अधिकारियों/कर्मचारियों को व्यक्तिगत पुरस्कार तथा सामूहिक पुरस्कार प्रदान किए गए ।



दिनांक-15.04.2018 एवं 16.04.2018 को विधानसभा सभाभवन (मानसरोवर हॉल),विधानसभा परिसर, भोपाल में आयोजित 63वें रेलवे सप्ताह राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह -2018 में श्री एन.के.प्रसाद, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल निर्माण ने भाग लिया।



दिनांक-21.06.2018 एवं 22.06.2018 को दो दिवसीय गूगल वॉयस टाइपिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में मालीगांव मुख्यालय के अंतर्गत विभिन्न विभागों के कुल 21 कर्मचारी शामिल हुए।

## कंप्यूटर पर हिंदी में गूगल वॉइस टाइपिंग की प्रक्रिया

1. गूगल वॉइस टाइपिंग के लिए COMPUTER, INTERNET, MICROPHONE एवं GMAIL एकाउंट होना आवश्य क है। (ऑल इन वन कंप्यूटर के लिए MICROPHONE की आवश्योकता नहीं है)
2. GOOGLE CROME पर GMAIL एकाउंट लॉगिन करने के बाद GOOGLE DOCS पर जाएं और BLANK PAGE पर क्लिक करें।
3. BLANK PAGE खुलने के बाद MENU BAR में TOOLS को CLICK करें और VOICE TYPING को क्लिक करें।
4. GOOGLE VOICE TYPING ICON के LANGUAGE में हिंदी को सेलेक्ट करें और उसके बाद CLICK TO SPEAK पर CLICK करें।
5. अब आप हिंदी में बोलें और आपका बोला हुआ शब्द हिंदी में टाइप हो जाएगा। इस तरह आप "गूगल वाइस टाइपिंग" का इस्तेमाल हिंदी टाइप करने के लिए कर सकते हैं।

### अन्य महत्व पूर्ण बातें:-

1. यह लगभग सभी भाषाओं में VOICE INPUT ले सकती है और OUTPUT में TEXT दे सकती है। आप डक्यूमेंट बनाकर कहीं पर भी COPY, CUT और PASTE कर सकते हैं।
2. गूगल वाइस टाइपिंग के साथ आप डक्यूमेंट में EDITING कर सकते हैं जैसे SELECT ALL, COPY, CUT, INSERT परंतु ये सभी कमांड आप ENGLISH LANGUAGE में ही कर सकते हैं।



दिनांक-15.05.2018 को श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण ने बोगीबिल रेल सह सडक परियोजना (73 कि.मी) का निरीक्षण किया और परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा किया।



श्री एन.के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण ने जोगिघोपा से न्यू-बंगाईगांव तक निरीक्षण करके काम का जायजा लिया ।



महाप्रबंधक महोदय ने दिनांक 27.04.2018 को प्रस्तावित बर्नीहाट स्टेशन का निरीक्षण किया और शिलांग में बर्नीहाट-शिलांग (108.40 कि.मी.) नई लाइन परियोजना के प्रगति की समीक्षा किया।

## योग दिवस



दिनांक-21-06-2018 को आंतराष्ट्रीय योग दिवस पर निर्माण संगठन के माननीय महाप्रबंधक श्री एन.के. प्रसाद ने अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेडीयम में योग दिवस पालन किया ।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की 127 वीं जयंती



बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 127वीं जयंती के अवसर पर दिनाकं-17-04-2018 को संगठन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी-1 श्री एस. एन. सिंह के साथ सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने मुख्य भवन के प्रांगण में सम्मिलित होकर बाबा साहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की ।

## आतंकवाद विरोधी दिवस



पूर्वोत्तर सीमा रेलवे निर्माण संगठन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर में दिनांक 21-05-2018 को आतंकवाद विरोधी दिवस का पालन किया तथा समाज में आतंकवाद एवं हिंसा का प्रतिरोध करते हुए शांति, सामाजिक सामंजस्य और समस्त लोगों के बीच तालमेल को बढावा देने के लिए शपथ ग्रहण किया।

# महाप्रबंधक/निर्माण के साथ सभी फील्ड यूनिटों के उप मुख्य इंजीनियर के समीक्षा बैठक




श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण महोदय की अध्यक्षता में 8 एवं 9 जून, 2018 को अधिकारी क्लाब, नामबाडी में वर्ष 2017-18 में निर्माण संगठन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की उपलब्धि पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस समीक्षा बैठक में निर्माण संगठन के मुख्यालय सहित सभी फील्ड यूनिटों के उप मुख्य इंजीनियर शामिल हुए। श्री प्रसाद ने वर्ष 2017-18 में 90 कि.मी. का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए बधाई दिया और विशेषकर अलीपुरद्वार डिवीजन में निष्पादित 42.70 कि.मी. दोहरीकरण कार्य के लिए आभार प्रकट किया। इस समीक्षा बैठक में निर्माण संगठन के अंतर्गत सभी फील्ड यूनिटों के उप मुख्य इंजीनियरों ने अपने-अपने फील्ड यूनिटों में निष्पादित कार्य सहित अन्य लक्षित परियोजनाओं पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया।

# राजभाषा प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण



निर्माण संगठन की क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में मुख्यालय के अंतर्गत विभिन्न विभागों में फाइलों पर हो रहे हिंदी कामकाज की एक प्रदर्शनी लगाई गई थी। इस अवसर पर अपने निरीक्षण के क्रम में श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण महोदय ने फाइल पर हिंदी में सबसे अधिक नोटिंग लिखने वाले कर्मचारी को सराहना स्वरूप नकद पुरस्कार देने की भी घोषणा की थी। इस सिलसिले में राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए कार्मिक विभाग के श्री राजकपूर यादव, जूनियर क्लर्क को कुल 2500/- (दो हजार पांच सौ रूपए) नकद पुरस्कार की राशि महोदय के कर-कमलों से प्रदान की गई।

## " एकता "

एकता साहस है,विश्वास है।
टूटे हुए इंसान की,एक बड़ी आस है।
एकता मान है,सम्मान है।
एक बड़ी समस्या का ,छोटा समाधान है।
एकता उम्मीद है, विश्वास है।
एक छोटे पंक्षी का ,बड़ा आकाश है।
एकता सेवई है, गुलाल है।
अनेक धर्मो के बीच,सुन्दर सी ढाल है।
एकता शक्ति है, भक्ति है।
यदि सारी कौम एक हो जाए, तो यही देश भक्ति है।
एकता धर्म है, जाति है।
"अनेकता में एकता"
भारत वर्ष की पूंजी की भांति है।

-हिमांशु कुमार गुप्ता
वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/नि/योजना-1

## मनुष्य को होना है वृक्ष

मनुष्य को होना है वृक्ष..
सीख मिले उससे
जैसे भू-भाग के जड़ तक जाकर
अस्तित्व के अनादि मूल से होकर,
हमारे खून में भी दौड़ जाएं ऐसे
अंत: प्रवाहित प्राणोन्माद सपने,
जिस पर जीवन बन जाए एक हरियाली गीत।
इस धरती को पुन: जीवित करती है,
लह लहाती श्यामलिमा बन कर जोड़ती है।
लें सीख उससे,
प्रचंड धूप में आत्म बलिदान से
सबको समेते शीतल छाया देकर
बांहें फैलाते है अपने जड़ की नशों की शाखा,
इसीलिए तो..
मनुष्य को होना है वृक्ष।
बनाना है वृक्ष रूपी हमारे शरीर को
अहंकार शुन्य होकर सदैव झुकना है
फल रूपी उपलब्धि की भार से
स्वयम को कर्मठ बनाना है।
इसीलिए तो..
मनुष्य को होना है वृक्ष।

- मुन मुन शर्मा
राजभाषा अधिकारी/नि